# संकलनकर्ता- मुकेश बागड़े, सौंसर मो.-9424693913

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई**
योगेश भलावी- कृषि विस्तार अधिकारी, सौंसर
संजना चौधरी-एस.डी.ओ. जल संसाधन सौंसर
सुभांशु चौरसिया- एस.डी.ओ. पी.डब्ल्यू.डी.

**कार्यालय नगरपालिका परिषद सौंसर**
मौसम पालेवार
सी.एम.ओ., न.पा.प.सौंसर
श्रीमती मुरेखा डेहरिया, अध्यक्ष, न.पा.प.सौंसर
विनोद जुनघरे, उपाध्यक्ष, न.पा.प.सौंसर

**जनपद पंचायत सौंसर**
प्रियंक मिश्रा
अध्यक्ष- संजय भूते
समस्त जनपद पंचायत सदस्य एवं स्टाफ, सौंसर
उपाध्यक्ष- नारायण वाडेदे

**कार्यालय नगर परिषद पिपलानारायणवार**
पानी, बिजली की बचत करें, करों का भुगतान करें, अपने आस पास साफ-सफाई रखें, भीड़ भाड़ से बचें...
अध्यक्ष श्रीमती अरुणा कैलाश चौधरी
उपाध्यक्ष श्रीमती आरती प्रवीण लामसे
सीएमओ - डी.पी. साहू समस्त पार्षद एवं स्टाफ

**कृषक भाईयों को हार्दिक शुभकामनाएं**
सौंसर विपणन एवं प्रक्रिया सह. समिति मर्यादित, सौंसर
पी.सी. माहोरे - प्रशासक
चंद्रशेखर बांगडे - लेखापाल
समस्त सदस्यगण एवं स्टाफ

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई**
कपास उत्पादकों के हित में और समाज सेवा हमेशा आगे...
राठी इंडस्ट्रीज, सौंसर
संचालक-संजय राठी, सौंसर
उमिया जिनिंग एवं प्रोसिंग
संचालक- इंदरचंदजी डागा, सुरेश पटेल, सौंसर
मनमोहन जिनिंग, सौंसर
संचालक-राजेश सावल
सौंसर कॉटन एवं प्रोसेसिंग
संचालक- मनोज जुनेजा, सौंसर
गायत्री इंडस्ट्रीज, सौंसर
संचालक- दिलीप बत्रा, नट्टू जी टावरी

**नगर पंचायत मोहगांव हवेली**
नगर को साफ सुथरा रखे, करों का समय पर भुगतान करें
नीलम बांगड़े उपाध्यक्ष
संदीप घाटोड़े अध्यक्ष
चंद्रमोहन वर्मे सीएमओ, नपम मोहगांवहवेली
समस्त पार्षद गण एवं स्टाफ नपं मोहगांवहवेली

**नगर परिषद लोधीखेड़ा**
शिवकुमार बघेल
सीएमओ न.प. लोधीखेड़ा एवं समस्त पार्षदगण
अध्यक्ष अर्चना वीरेन्द्र जायसवाल
उपाध्यक्ष नरेन्द्र

**टी.पी. घोड़मारे**
(अनु.अधी.ग्रा.यांत्रिकी सेवा सौंसर एवं सहायक यंत्री जपं सौंसर)
उपयंत्री-सुरेश लुटे, महेन्द्र सोनेकर, संजय अनेराव, अमित बिनाकिया, नवीन बिसेन एवं समस्त उपयंत्री जनपद पंचायत सौंसर

**शासकीय देशी/विदेशी शराब दुकान**
सौंसर/रामाकोना/बेरडी/मोहगांव
ठेकेदार- मनीष जाट/ संजय जायसवाल, सुधीर सूर्यवंशी

**गणतंत्र दिवस अमर रहे**
विजय चौरे
विधायक, सौंसर

**आयुषी एश ब्रिक्स**
ए.के.व्ही.एन. क्षेत्र, बोरगांव
मोहन ताजने
बोरगांव, तह.सौंसर, जि.छिन्दवाड़ा

**म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, सौंसर**
बिजली की बचत करें, समय पर भुगतान करें
अखिलेश श्रीवास्तव - कार्यपालन यंत्री
नीरज होलकर - सौंसर कनिष्ठ अभियंता
समस्त स्टाफ मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, सौंसर

**गणतंत्र दिवस की बधाई**
रूपलाल उइके
थाना प्रभारी सौंसर एवं समस्त स्टाफ

**स्वास्थ्य विभाग, सौंसर**
डॉ. राजेश शुक्ला
बी.एम.ओ. सौंसर

**गणतंत्र दिवस की बधाई**
सनफ्लावर इंग्लिश एवं हिन्दी स्कूल मोहगांवहवेली
नर्सरी से बारहवीं तक
-प्राचार्य- प्रभाकर बंजारी
एवं समस्त स्टाफ

**गणतंत्र दिवस की बधाई**
सुधीर बेंडे
ए क्लास इलेक्ट्रिक कॉन्ट्रेक्टर सौंसर

**शासकीय महाविद्यालय, लोधीखेड़ा**
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
शासकीय महाविद्यालय में ही प्रवेश लें
प्राचार्य अमोल पाटिल एवं समस्त स्टाफ

**गणतंत्र दिवस अमर रहे**
कृष्णा कॉटन इंडस्ट्रीज
बेरडी रोड, सौंसर

**गणतंत्र दिवस अमर रहे**
शासकीय उमावि पिपलानारायणवार
प्रभारी प्राचार्य गणेश परतेती

**स्कूल चले हम...**
रश्मि कुसरे, सहायक संचालक
सी.एस. यादव, बीआरसी
विकासखंड शिक्षा अधिकारी सौंसर एवं स्टाफ

**गणतंत्र दिवस अमर रहे**
जनशिक्षा केंद्र पिपलानारायणवार
विजय मोहोड़ सर

एकीकृत महिला एवं बाल-विकास परियोजना, सौंसर
महिला बाल विकास द्वारा संचालित समस्त अधिकारी योजनाओं का लाभ लेवें
कमल कुमार
परियोजना अधिकारी एवं समस्त स्टाफ

**शासकीय महाविद्यालय सौंसर**
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
शासकीय महाविद्यालय में ही प्रवेश
प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ

**लक्ष्मी पेट्रोलियम बेरडी रोड, सौंसर**
प्रो. शैलेन्द्र जायसवाल
पेट्रोलियम सर्विस
छिंदवाड़ा रोड, सौंसर
प्रो. अनिल देशमुख

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई**
प्रमोद चोपड़े
आर.के. श्रीवास
दीपक तिरपुडे
शिवशंकर चतुर्वेदी
श्री मुछाला जी

**BOREGAON INDUSTRIES ASSOCIATION**
ए.के.व्ही.एन.बोरगांव तह. सौंसर, जिला-छिंदवाड़ा
ज्योतिन्द्र पटेल
एच.एल.काबरा, दिपक हिम्मतरामका
आर.एन. द्रविड, सतिष मलिक, मयंक सुभाष जैन, वामन ढोंमरे
All Association Member Boregaon Industries
REGN NO. 04/17/05/14022/11/, DT17/11/20211

# गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

संकलनकर्ताः भूपेन्द्रसिंह (बाबा)ठाकुर मो. 9691211551

दयाराम इरपाची - भाजपा मंडल अध्यक्ष तामिया
दिनेश साहू - भाजपा मंडल महामंत्री तामिया
नीलेश डेहरिया - भाजपा मंडल उपाध्यक्ष तामिया

विकासखंड शिक्षा अधिकारी
बलवंत सानेर
एवं समस्त स्टाफ तामिया

वनपरिक्षेत्र देलाखारी
एवं समस्त स्टाफ तामिया

ओम कंस्ट्रक्शन एवं सप्लायर
एवं समस्त स्टाफ

घनश्याम तिवारी
पर्यवेक्षक कांग्रेस कमेटी तामिया

बीआरसी कार्यालय
बीआरसी किशोर कुमार पांडे
एवं समस्त स्टाफ तामिया

कान्हा ट्रेडर्स तामिया

दयाराम ईरपाची - मंडल अध्यक्ष तामिया
विनय साहू - महामंत्री तामिया मंडल

श्रीमति रंजना ठाकुर
जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक -1 तामिया

सीएम राईस स्कूल
प्राचार्य- बी.के. सानेर
एवं समस्त स्टाफ

देशी विदेशी शराब दुकान
ठेकेदार तामिया

साहू स्टोन क्रेशर धूसावानी
संचालक- संतोष साहू

नवीन मरकाम
जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक -2 तामिया

मनोज कुमार बोबड़े
उपयंत्री
एवं समस्त स्टाफ तामिया

शराब दुकान देलाखारी
ठेकेदार देलाखारी

पटेल स्टोन क्रेशर इटावा
संचालक- प्रवीण पटेल

ग्राम पंचायत तामिया
सरपंच-बिसनिया भारती
सचिव-जगत तेकाम
एवं समस्त पंचगण तामिया

अनीस खान
उपयंत्री
एवं समस्त स्टाफ तामिया

शराब दुकान झिरपा
ठेकेदार झिरपा

कृष्णा ट्रेडर्स झिरपा

आर ई एस उपसंभाग तामिया
सहायक यंत्री- ललित वैद्य
एवं समस्त उपयंत्री

बी.के. यादव
उपयंत्री
एवं समस्त स्टाफ तामिया

गोल्हानी स्टोन क्रेशर
संचालक - राजू साहू

ग्राम पंचायत देलाखारी
एवं पंचगण देलाखारी

राजीव गांधी जलग्रहण मिशन
उपयंत्री- अनिल माहोरे
एवं समस्त स्टाफ

वनपरिक्षेत्र सांगाखेड़ा
एवं समस्त स्टाफ तामिया

कुशवाह स्टोन क्रेशर साजकुही
संचालक - हरीश कुशवाह

ग्राम पंचायत झिरपा
सरपंच- सुनील मर्सकोले
सचिव - विपिन ढबरे
एवं समस्त पंचगण तामिया

## समारोह की अंतिम रिहर्सल पूर्ण, 378 जवान, कैडेट और स्वयंसेवक परेड का हिस्सा बनेंगे

# गणतंत्र दिवस में कलेक्टर मृणाल मीणा करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह मुलना स्टेडियम में आयोजित होगा। कलेक्टर मृणाल मीणा ध्वजारोहण करेंगे। समारोह की अंतिम रिहर्सल शनिवार को पूरी हुई।

परेड में सीआरपीएफ, एसएफ, हॉकफोर्स, जिला पुलिस बल, एनसीसी, एनएसएस कैडेट्स, शौर्य दल और पहली बार पुलिस का विशेष सहयोगी दस्ता शामिल हुआ। कुल 378 जवान, कैडेट और स्वयंसेवक परेड का हिस्सा बने।

सीईओ अभिषेक सराफ ने ध्वज के सामने परेड की सलामी ली। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और नेतृत्वकर्ताओं से



परिचय प्राप्त किया। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है। कलेक्टर मृणाल मीणा सुबह 8:58 बजे मुलना स्टेडियम पहुंचेंगे और ठीक 9:00 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद परेड का निरीक्षण किया जाएगा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संदेश वाचन होगा।

सुबह 9:25 बजे आकर्षक परेड मार्चपास्ट होगा। इसके बाद 9:50 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न विभागों की ओर झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। ये झांकियां जिले की सांस्कृतिक विरासत, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं को दर्शाएंगी। सुबह 10:50 बजे उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। समारोह का समापन 11:30 बजे होगा।

जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के इस ऐतिहासिक अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर राष्ट्रभक्ति, एकता और गौरव की भावना के साथ उत्साहपूर्वक शामिल होने की अपील की है।

## गर्रा में किसान रथ यात्रा समापन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

24 जनवरी 2026 को माननीय राज्य शासन द्वारा आयोजित किसान रथ यात्रा के समापन अवसर पर ग्राम पंचायत गर्रा में पधारे जनपद पंचायत लालबर्रा की कृषि सभापति आदरणीय गुलेंद्र भगत जी के मुख्य अतिथि में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ,उक्त सफलतम कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान वैभवसिंह बिसेन के द्वारा की गई। तथा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष नेतलाल बिसेन तथा पूर्व वार्ड पार्षद एवं संचालक वी निर जल उद्योग संजय गणेशप्रसाद बिसेन प्रमुख अतिथि के रूप में ग्राम के पूर्व सरपंच पालकराम बाहेश्वर वार्ड क्रमांक 12 के पंच प्रतिनिधि श्यामलाल कहार,समाजसेवी गोवर्धन पारधी,समाजसेवी दुर्गा प्रसाद दवे, समाजसेवी नारायण ख़ैरवार उपस्थित रहे। उक्त पूरा कार्यक्रम ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती रिचा बिंद्रा के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

## सरस्वती शिशु मंदिर सालेटेकरी में मनाया बसंत पंचमी



**बालाघाट।** 23 जनवरी दिन शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर सालेटेकरी में बसंत पंचमी मनाया गया और बच्चों का विद्याआरंभ संस्कार पार्टी पूजन किया गया उसके बाद 2 बजे से सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित की गई जिसमे मुख्य उदबोधन डॉक्टर सुनीता जैन ( अध्यक्ष ग्राम-भारती बालाघाट )और मुख्य उदबोधन श्रीमती अनुपमा नेताम जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती ममता वरकडे (सरपंच ग्राम पंचायत बहेराभाठा ) प्रधानचार्य रंजीत नेवले उप प्रधानचार्य बलिराम जामरे आचार्य मंगल नैकाने, श्रीमती बसंती पंचतिलक, कुमारी मनोरमा वाहने, कुमारी देवकी पंचतिलक विद्यालयिन परिवार सम्मिलित रहे और इस कार्यक्रम में माता एवं बहनों की भारी संख्या मे उपस्तिथि रही।

## आरोपी रामायण सिंह पटेल ने कुल्हाड़ी से जान लेवा हमला किया, गंभीर हालत में महिला नागपुर रिफर...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिला मुख्यालय के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबरिया रोड स्थित साकार सांई धाम में पारिवारिक विवाद ने उस समय खूनी मोड़ ले लिया, जब एक ससुर ने अपनी ही बहू की मां (समधन) पर कुल्हाड़ी से प्राणघातक हमला कर दिया। इस हमले में बुजुर्ग महिला के सिर पर गंभीर चोट आई है, जिन्हें उपचार हेतु शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, पुलिस ने आरोपी ससुर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब हो कि छत्तीसगढ़ के भिलाई की रहने वाली 65 वर्षीय श्रीमती वत्सला मनु, पति इंदेंदु शंकर मनु, पिछले एक सप्ताह से अपनी बेटी अपूर्वा से मिलने सिवनी आई हुई थीं। अपूर्वा का विवाह करीब 7 साल पहले सिवनी निवासी अनिल पटेल के साथ हुआ था। बताया जा रहा है कि ससुराल पक्ष में चल रहे आपसी मनमुटाव के कारण अपूर्वा ने अलग किराए के मकान में रहने का निर्णय लिया था,सोमवार, 19 जनवरी 2026 को दोपहर करीब 12:30 बजे जब अपूर्वा अपना सामान घर से बाहर ले जाने के लिए निकाल रही थी, तभी उसके ससुर रामायण सिंह पटेल (70 वर्ष) उग्र हो गए,प्रत्यक्षदर्शियों और घायल महिला के बयान के अनुसार, आरोपी ने सामान ले जाने का विरोध करते हुए अपूर्वा के साथ अभद्रता शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी रामायण सिंह पटेल ने अपनी बहू के साथ गाली-गलौज करते हुए उसके बाल पकड़ लिए और मारपीट शुरू कर दी। अपनी बेटी को पिटता देख जब मां वत्सला मनु बीच-बचाव करने पहुंचीं, तो आरोपी का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया, आरोप है कि रामायण सिंह ने पास ही रखी कुल्हाड़ी उठा ली और सीधे वत्सला मनु के सिर पर वार कर दिया। कुल्हाड़ी माथे पर लगने से वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ीं।इतना ही नहीं, घायल अवस्था में भी आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और कहा कि अगर दोबारा मेरे घर आई तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा। घटना के दौरान घर के बाहर मौजूद ड्राइवर जितेंद्र साहू और ऑटो चालक ने भी चीख-पुकार सुनकर मामले को देखा और सुना। घटना के बाद आनन-फानन में बेटी अपूर्वा ने अपने पति अनिल पटेल को फोन कर जानकारी दी, जिसके बाद घायल बुजुर्ग महिला को इलाज के लिए जठार अस्पताल सिवनी में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही कोतवाली थाने में पदस्थ सहा. उप निरीक्षक (ASI) जसवंत सिंह ठाकुर तत्काल अस्पताल पहुंचे,ड्यूटी अधिकारी जसवंत सिंह ठाकुर ने वार्ड में भर्ती पीड़िता के बयान दर्ज किए और आरोपी रामायण सिंह पटेल के विरुद्ध देहाती नालसी क्रमांक 00/26 दर्ज की, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 296बी (अश्लील हरकतें/गाली-गलौज), 115(2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 118(1) (खतरनाक हथियारों से गंभीर चोट पहुंचाना) और 351(2) (आपराधिक धमकी) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## वन परिक्षेत्र दक्षिण उकवा के अंतर्गत सोनगुड्डा में अनुभूति कार्यक्रम किया गया आयोजित





हरिभूमि न्यूज उकवा।

म०प्र० ईको पर्यटन विकास बोर्ड एवं दक्षिण उकवा वन परिक्षेत्र सामान्य के तत्वाधान में साहूर नाला सोनगुड्डा में अनुभूती कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यकम मे सर्व प्रथम शासकीय उच्चतर मा. विद्यालय बिठली , शासकीय माध्यमिक शाला लातरी एवं जालदा हर्रानाला के कुल 126 छात्र छात्राओं को वन भ्रमण पथ कराते हुये विभागीय कार्य जैसे भू जल संरक्षण, ट्डेसिंग , पौधा अंगीकरण, पेडो से परिचय वन सुरक्षा वानीकी, अग्नी सुरक्षा आदी पर विस्तृत जानकारी दि गई. इसके पश्चात समस्त छात्र-छात्राओ मे चित्रकला प्रतियोगिता, तथा प्रश्नोत्तरी पर आधारित परीक्षा का आयोजन किया गया. इसके पश्चात कार्यक्रम मे उपस्थित समस्त अतिथी जनपद सदस्य मनोला बाई उइके, वन सुरक्षा समिति दुल्हापुर, अडोरी, माडी, डाबरी, सुंदरवाही , राशीमेटा, चारघाट, सोनगुड्डा, आदी सभी समिति के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी वनपरिक्षेत्र अधिकारी आश्रुतोष सिंह प्रियंका मरकाम पूर्व सरपंच तातुसिंग धुर्वे आदि सभी का स्वागत गणमान्य नागरिक एवं परिक्षेत्र के कर्मियों द्वारा किया गया. इसके पश्चात सभी छात्र-छात्राओ द्वारा वन भ्रमण के दौरान उन्होने क्या क्या देखा इसपर उनके विचार चार पत्रों के माध्यम से प्रस्तूत किए गये. इसके पश्चात शेर का चित्र बनाने हेतु दिया गया।इसके पश्चात ज्ञान चंद शर्मा द्वारा विभीन्न प्राणीयो की आवाज को प्रस्तुत किया गया, सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन में माध्यमिक शाला लातरी की छात्राओं द्वारा अनुभूति थीम सांग 2026 हम है धराती के दूत तथा माध्यमिक शाला हर्रानाला की छात्राओं द्वारा सफल नृत्य प्रस्तुत किया गया. जिसकी सभी के द्वारा सराहना की कार्यक्रम में बिठली उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य एस. एल दशरिये द्वारा कविता एवं पर्यावरण बचाने पर एक दृष्टांत प्रस्तुत किया गया. पूर्व सरपंच तातुसिंह धूर्वे द्वारा वन विभाग पर अपने विचार व्यक्त किए गये।सभी प्रतियोगियों में विजेता पुरस्कार दिये गये अंत मे वन परिक्षेत्र अधिकारी आशुतोष सिंह द्वारा शपथ ग्रहण एवं आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित आशुतोष सिंह वन क्षेत्रपाल दक्षिण उकवा दिलीप डोंगरे उपवन क्षेत्रपाल महेश चौरे मनोज चौहान अरविंद मरावी वनपाल कीर्तन सिंह धुर्वे परमानंद उयके मनोज मरकाम राजेश कुमार नेवारे विनय कुमार धुर्वे वनरक्षक अभिषेक कटरे राजेश खरे विजय कुमार सातुनकर मनीष कुमार बिसेन अकील कुरैशी योगेश कुमार धुवारे राम सिंह धुर्वे प्रकाश बोपचे डिलेन्द्र नगपुरे बसंत भीमटे गोविंदा दिग्विजय सिंह चंदेल युवराज भोयर अश्विन सेंडे छबिलाल टेकाम ।

### वर- वधू के 200 जोड़े एक परिणय सूत्र में बंधे

## खैरलांजी में सामूहिक विवाह समारोह का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** जनपद पंचायत खैरलांजी के तत्वावधान में मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह समारोह का आयोजन 23 जनवरी शुक्रवार को किन्ही के छात्रवास मैदान में संपन्न किया गया। इस दौरान सामूहिक विवाह समारोह में वर- वधु के 200 जोड़े एक परिणय सूत्र में बंधकर नव दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। विवाह समारोह में वर - वधु के 157 जोड़े सामान्य समुदाय ,21 जोड़े बौद्ध समाज, 22 जोडें आदिवासी एसटी समुदाय के वर वधू सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होकर उनकी अपनी-अपनी धार्मिक रीति-रिवाज व विधि विधान अनुरूप से शादी संपन्न करायी गई। इस दौरान अतिथियो के द्वारा वर वधू को शुभ आशीर्वाद प्रदान करते हुए नव दाम्पत्य जीवन में प्रवेश के लिए बधाई व शुभकामनाऐ दी गई। इस दौरान करीब एक किलोमीटर दूर मंडी परिसर से दूल्हो की सामूहिक बरात बाजे गाजे के साथ निकाली गई। इस अवसर पर माध्यमिक स्कूल किन्ही, खैरलांजी, खरखड़ी के अध्ययनरत बच्चो के द्वारा आदिवास समुदाय की सांस्कृतिक सभ्यता के आधार शानदार लोक गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। जिसके लिए बच्चो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वारासिवनी खैरलांजी विधायक विवेक पटेल, पूर्व सांसद बोधसिंह भगत, पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल, जनपद अध्यक्ष आशु गुनाराम बघेले,जनपद उपाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद लिल्हारे, एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल, तहसीलदार छवि पंत, नयाब तहसीलदार डी.एल परते, मुख्य कार्यपालन अधिकारी वृंदावन मीणा, जिलापंचायत सदस्य प्रकाश ऊके, जिला पंचायत सदस्य मधु ऋषि शुक्ला, जिला पंचायत सुनिता मानसिंह बहेटवार, खैरलांजी सरपंच ज्योति भगत सिंह नागपुरे, किन्ही सरपंच सुरेंद्र उपवंशी, जनपद सदस्य अलोक पाटील, पूजा नागपुरे, द्रोण कुमार डोहरे, रीना बोरकर, रीतू सुलाखिया ,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष तेजलाल चौधरी, अजय मेश्राम पूर्व जिला पंचायत सदस्य,भाजपा मंडल अध्यक्ष ज्ञानेश रांगहडाले व प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

## प्रियदर्शिनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस, बालाघाट में वसंत पंचमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रियदर्शिनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस, बालाघाट में वसंत पंचमी पर्व हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ज्ञान की देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के चेयरमैन विक्रांत वर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर संस्था की संचालिका श्रीमती दुर्गा वर्मा, प्राचार्य शिवरतन पवार, ब्रांच हेड पायल वड़ाईकर सहित समस्त स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।वसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्यार्थी एवं स्टाफ पीले रंग के परिधान में उपस्थित हुए, जिससे संपूर्ण परिसर में विशेष उल्लासपूर्ण एवं आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हुआ। कार्यक्रम के उपरांत संस्था द्वारा विद्यार्थियों के लिए भोजन व्यवस्था भी की गई।पूरे आयोजन में अनुशासन, श्रद्धा एवं उत्साह का सुंदर समन्वय देखने को मिला।संस्था के चेयरमैन श्री विक्रांत वर्मा ने अपने उद्बोधन में बताया कि वसंत पंचमी ज्ञान, विद्या, कला और संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है। मान्यता है कि इसी दिन मां सरस्वती का प्राकट्य हुआ था, जो ज्ञान, बुद्धि, संगीत, कला और वाणी की अधिष्ठात्री देवी हैं। इसी कारण इस दिन विद्यार्थी, शिक्षक एवं कलाकार विशेष रूप से उनकी आराधना करते हैं।वसंत पंचमी से वसंत ऋतु का आगमन माना जाता है, जब प्रकृति हरियाली, फूलों और नई ऊर्जा से परिपूर्ण हो जाती है। पीला रंग सरसों के फूलों, समृद्धि और उल्लास का प्रतीक माना जाता है।इस दिन को विद्यारंभ संस्कार के लिए भी अत्यंत शुभ माना जाता है, जिसमें विद्यार्थियों की शिक्षा का शुभारंभ किया जाता है।

## भाजयुमो ने मनाई नेताजी सुभाषंचद्र बोस की जयंती, दिया देशप्रेम का संदेश



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** शुक्रवार को जिलेभर में आजाद हिंद फौज के संस्थापक और महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। जिला मुख्यालय में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित कर देशप्रेम का संदेश दिया गया। भाजयुमो ने शौर्य और अदम्य साहस के प्रतीक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती धूमधाम के साथ मनाई। शहर के सुभाष चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

भाजयुमो के नगर अध्यक्ष जैनेंद्र कटरे ने बताया कि युवाओं को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। वह स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी और सबसे बड़े नेता थे। दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान उन्होंने अंग्रेजों से लड़ने के लिए आजाद हिंद फौज का गठन किया था। 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' का नारा भी उनका ही था। उन्होंने भारत देश की सच्ची सेवा की थी। इस मौके पर भाजपा सह कार्यालय मंत्री व उत्तर मंडल प्रभारी चंद्रकांत पिपलेवार, भाजपा जिला सह आईटी प्रभारी मोनिल जैन, भाजपा उत्तर नगर मंडल अध्यक्ष रमाकांत डहाके, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राकेश सेवईवार, भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय पप्पू गौतम, भाजयुमो पूर्व जिला अध्यक्ष गजेंद्र भारद्वाज, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष योगराज टेम्भरे, भाजयुमो नगर अध्यक्ष जैनेन्द्र कटरे, भाजपा उत्तर नगर महामंत्री संजू वराड़े, भाजपा नगर महामंत्री संतोष सिंगारे, भाजपा नगर महामंत्री खिमेंद्र गौतम, भाजपा नगर उपाध्यक्ष रामसनेही सिंह, रंजीत गोयल, भाजपा नगर मंत्री हिमांशु चौकसे, भाजपा उत्तर नगर मंडल कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह राजपूत, पार्षद श्वेता सौरभ जैन, पार्षद वकील वाधवा, गणेश अग्रवाल, राहुल जेमी, प्रसन्न कांकरिया, विशाल मंगलानी, विनोद मंगलानी, गुरुदत्त, सिद्धार्थ वाजपेयी, शुभम रिनायत, अक्षय ठाकरे, शुभम शिवाले, राजेश राउत, जय गिरी गोस्वामी, विजय धामड़े सहित अन्य मौजूद रहे।

## पेड़ के नीचे लगाया गया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर, आदिवासी मरीजों की गई जांच

### समाजसेवी डॉ रमेश सेवलानी के माता सरला देवी जी की पांचवीं पुण्यतिथि पर लगाया स्वास्थ्य शिविर




**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** शहर से 75 किलोमीटर दूर डाबरी ग्राम पंचायत धुनधुनवार्धा के अंतर्गत सोनपुरी में समाजसेवी डॉ रमेश सेवलानी के माता जी सरला देवी जी की पांचवीं पुण्यतिथि पर आज स्वास्थ्य शिविर लगाया गया,,जिसमें आधा सैकड़ा से अधिक मरीजों की निःशुल्क जांच की गई व दवा का वितरण किया गया। जांच शिविर और दवा विवरण के बाद 75 बच्चों को गर्म टोपे और ग्रामीण60 महिलाओं को स्वेटर का वितरण किया है। साथ ही साथ मिठाई के तौर पर तिल्ली के लड्डु का भी वितरण किया गया। इस शिविर में समाजसेवी बच्चुमल वाधवानी, डॉक्टर की सहयोगी नैना, जयपाल वरकड़े,शिवलाल ऊईके पूर्व सरपंच, थीरथलाल वल्के पंच सहित अन्य मौजूद रहे,, डॉ रमेश सेवलानी द्वारा लगातार दूरस्थ आदिवासी अंचलों में शिविर किया जा रहा है और इस शिविर को लेकर वे अब तक कुल 221शिविर कर चुके है।

## महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में मनाई गई वसंत पंचमी और पराक्रम दिवस



हरिभूमि न्यूज बालाघाट। महर्षि विद्या मंदिर में वसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विद्या की देवी माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ सहायक निदेशक श्री अमित यदुवंशी, प्राचार्य श्री सतीश कुमार चौरसिया, वरिष्ठ शिक्षक श्री वासुदेव भूते,श्रीमती एस राव, श्रीमति अनुपमा गौतम और श्री नीरज तिवारी के द्वारा मां सरस्वती जी,गुरुपरंपरा, महर्षि महेश योगी जी के छायाचित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात संस्कृत शिक्षिका श्रीमती ज्ञानेश्वरी पटले ने पाठन कर मां सरस्वती पूजन संकल्प सभी उपस्थित शिक्षकों और विद्यार्थियों को करवाया गया ,उसके बाद संस्था की परंपरा के अनुसार गुरुपूजन कर सामूहिक भावातीत ध्यान का अभ्यास सुनीता तिवारी और मनोज ज्योतिषी के मार्गदर्शन में किया गया।आज की सभा पाराशर सदन द्वारा संचालित की गई जिसमें कक्षा नवमी व्यास के छात्र आरित देशमुख द्वारा मंच संचालन किया गया,वही यश्वी पटले ने वसंत पंचमी पर अपना उदबोधन प्रस्तुत किया।सदन के छात्र अयन सिंह ठाकुर ने सुमधुर भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्ति मय बना दिया ,साथ ही अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से ज्ञान, कला और संगीत के महत्व को दर्शाया। प्राचार्य श्री सतीश कुमार चौरसिया ने वसंत पंचमी के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को ज्ञानार्जन, अनुशासन एवं सृजनात्मकता के मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा दी।इस अवसर पर उन्होंने ने कहा कि वसंत पंचमी न केवल ऋतु परिवर्तन का प्रतीक है, बल्कि यह शिक्षा, संस्कार और नवचेतना का पर्व भी है। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय का वातावरण भक्ति, उल्लास और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा।आज ही महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई जहां नेताजी के संघर्षपूर्ण जीवन, बलिदान और आदर्शों के विषय में बताते हुए उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दी गई।



क्षेत्र के लोकप्रिय
विधायक विकासपुरूष
मान. विधायक कटंगी गौरवसिंह पारधी के हस्ते
आज दिनांक 25.01.2026 को
विश्वकर्मा सामुदायिक भवन का
भूमिपूजन एवं राशन गोदाम का
लोकार्पण
सुरेन्द्र राहंगडाले, सरपचं
यशवंत चौहान, उपसरपचं
गुलाबचंद पटले, सचिव
ग्राम पंचायत खजरी, जप कटंगी

### न्यायालय नायब तहसीलदार उकवा तह.परसवाड़ा जिला-बालाघाट(म.प्र.)

::ईश्तहार::

रा.प्र.क्र.0064/ड-154(1)/वर्ष 2025-26
मौजा राजपुर तहसील परसवाड़ा

सर्वसाधारण एवं आम जनता ग्राम राजपुर तहसील परसवाड़ा को सूचित किया जाता है कि सुभाष पिता घुडन जाति गोंड निवासी ग्राम राजपुर तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट के द्वारा आवेदन पत्र में उल्लेख कर बताया है कि अपने स्वयं सुभाष पिता घुडन की जन्मतिथि 10.09.1990 को ग्राम राजपुर में जन्म होने से जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय को प्रस्तुत किया। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को इस संबंध में कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो वह अपनी लिखित दावा आपत्ति नियत पेशी दिनांक 30/01/2026 के पूर्व अपने अभिभावक या स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी दिनांक भुगत जाने के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 16.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा जारी किया गया हैं।

जारी दिनांक 16.01.2026
नियत दिनांक 30.01.2026

नायब तहसीलदार,उकवा(परसवाड़ा)